राजस्थान सरकार

निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ 25 (डी) 154 लेखा/निकाशि/06/750 दिनांक 4-7-12

प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय,

.....

विषयः—महाविद्यालय के भंडार लेखों का भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन एवं आन्तरिक निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनुच्छेदों की अनुपालना बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निदेशक निरीक्षण विभाग राजस्थन जयपुर ने इस विभाग के विभिन्न कॉलेजो के बकाया भौतिक सत्यापन प्रतिवेदनों एवं आन्तरिक निरीक्षण प्रतिवेदनों के बकाया आक्षेपों की अनुपालनाओं का स्पष्ट वार्ता द्वारा निस्तारण करने हेतु 4 से 7 अगस्त की तिथि निर्धारित की है।

अतः आप के कॉलेज से सम्बन्धित बकाया भौतिक सत्यापन प्रतिवेदनों एवं अन्तरिक निरीक्षण प्रतिवेदनों में सम्मिलित अनुच्छेदों की आक्षेपानुसार पूर्ण एवं ठोस अनुपालना मय आवश्यक पत्रादि के 15 दिवस में आवश्यक रूप से निदेशक, निरीक्षण विभाग राजस्थान जयपुर को प्रेषित करते हुए एक प्रति इस कार्यालय को भी भिजवाने की व्यवस्था करावें, जिससे कि बकाया अनुच्छेदों का निस्तारण करवाया जा सके। साथ ही आपके महाविद्यालय से सम्बन्धित बकाया निरीक्षण प्रतिवेनों की प्रथम अनुपालना भेजने सम्बन्धी विवरण एवं प्रत्येक निरीक्षण प्रतिवेदन में बकाया रहे आक्षेपो के विवरण से इस कार्यालय को अवगत करावें।

भवदीय,

मुख्य लेखाधिकारी
कालेज शिक्षा विभाग,राजस्थान जयपुर

क्रमांक एफ 25 (डी) 154 लेखा/निकाशि/06/ दिनांक

प्रतिलिपि : श्री धीरेन्द्र देवर्षी, व्याख्याता को प्रेषित कर लेख है कि कृपया विभाग की बेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

मुख्य लेखाधिकारी
कालेज शिक्षा विभाग,राजस्थान जयपुर

E:\Documents and Settings\Administrator\My Documents\Desktop\Bhagwan Dukaraji Jain.doc